**Activities and Achievements:**

**Remarkable Achievements**



Cadets with Commanding Officer Col Gautam, 32 UP NCC, BN, during National Integration Camp



NCC Cadets with Prof S K Kabia during Adventure Camp at Regional Mountaineering Center McLeodganj



Ncc Cadets on Independence Day



NCC Cadets in Camp






Guard of Honour to Hon’ble Prime Minister

**बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया (29/12/2022)**

हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा असहाय और जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया । कैडेट्स द्वारा प्रति वर्ष यह आयोजन किया जाता है.... जिसमें कैडेट्स जरूरत मंदों को ऊनी वस्त्रों जैसे, साड़ी, स्वेटर, कंबल, जूते–मौजे आदि का वितरण करके समाज सेवा का कार्य करते हैं इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ कैडेट्स ने वस्त्रों का वितरण किया। और उनका हाल चाल पूछा । इस कार्यक्रम का निर्देशन मेजर सुनील कुमार काबिया सर ने किया। श्री हेमंत चंद्रा की देख रेख में इस पुण्य कार्य का आयोजन हुआ । इस अवसर पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के अंडर ऑफिसर उत्कर्ष अग्निहोत्री, अंडर ऑफिसर शोभित साहू, सार्जेंट नितिन, गौरव, पर्वत और अन्य सभी कैडेट्स मौजूद रहे ।






**वीर भूमि झाँसी के बुंदेलखंड विश्वविद्यालय का एनसीसी कैडेट आकृष्ट शुक्ला 26 जनवरी को दिल्ली में राजपथ पर करेगा कदम ताल (30/12/2022 )**

वीर भूमि झाँसी के बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की 3/56 यू पी एनसीसी इकाई के तृतीय वर्ष के कैडेट आकृष्ट शुक्ला ने झाँसी को गौरवान्वित किया है। आकृष्ट शुक्ला का सेलेक्शन आरडी परेड के लिए हुआ है। आकृष्ट शुक्ला 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में भारत के माननीय राष्ट्रपति जी को सलामी देंगे। एनसीसी यानी नेशनल कैडेट कोर्प्स...इसके तहत नई पीढ़ी को देश की सेना के लिए तैयार किया जाता है। आज आप देख सकते हैं कि एनसीसी से निकले कई बच्चे देश की सेनाओं में योगदान दे रहे हैं। कैडेट आकृष्ट शुक्ला दिल्ली में होने वाली परेड में अपने साथी एनसीसी कैडेट्स के साथ कदमताल करते दिखेगा । इन दिनों आकृष्ट शुक्ला दिल्ली में आरडी परेड की रिहर्सल कर रहा है। इससे पहले आकृष्ट ने सितंबर में एक महीने की ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने कानपुर के आर्मी कैंप में परेड की ट्रेनिंग ली, जिसके बाद उन्हें आरडी परेड का हिस्सा बनने का मौका मिला।

कैडेट आकृष्ट शुक्ला की इस उपलब्धि से उनके परिजन और टीचर्स खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर सुनील कुमार काबिया सर ने कहा कि आरडी परेड के लिए आकृष्ट शुक्ला का सेलेक्ट होना हमारे लिए गौरव की बात है। आकृष्ट शुक्ला एनसीसी कैडेट होने के साथ-साथ एक होनहार छात्र भी है। उन्होंने आकृष्ट को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। आकृष्ट का कहना है कि एनसीसी में सक्रिय रहने के दौरान उनका यह सपना था कि वह राजपथ की परेड में शामिल हों और आज उनका यह सपना साकार हो गया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के एनसीसी से हेमन्त चंद्रा ने कहा कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कैडेट प्रत्येक वर्ष आर डी परेड में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय एनसीसी का प्रतिनिधित्व करते हैं । इस बर्ष भी कैडेट आकृष्ट शुक्ला आरडी परेड में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगें।



### गणतंत्र दिवस की परेड में कदमताल करेंगे आकृष्ट

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की 3/56 यूपी एनसीसी इकाई के तृतीय वर्ष के कैडेट आकृष्ट शुक्ला का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए हो गया है।

वह अपने साथी एनसीसी कैडेट्स के साथ परेड में कदमताल करेंगे। इसके लिए कानपुर में छात्र का एक महीने का प्रशिक्षण भी हुआ है। आरडी परेड के लिए आकृष्ट शुक्ला दिल्ली में रिहर्सल भी कर रहे हैं। छात्र का कहना है कि उनका सपना था कि वह राजपथ की परेड में शामिल हों और अब ये सपना साकार होने जा रहा है।

बीयू के एनसीसी अधिकारी प्रो. सुनील काबिया ने बताया कि आरडी परेड के लिए विश्वविद्यालय के छात्र का चयन होना गौरव की बात है। आकृष्ट एनसीसी कैडेट होने के साथ-साथ होनहार छात्र भी हैं। ब्यूरो

आकृष्ट शुक्ला।



### आकृष्ट का राजपथ की परेड में चयन

**26 जनवरी को दिल्ली में राष्ट्रपति को देंगे सलामी**

**झाँसी :** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडिट आकृष्ट शुक्ला का 26 जनवरी को दिल्ली की परेड के लिए चयन हो गया है। वह राजपथ में सैनिक, अर्द्धसैनिक बल, पुलिस व एनसीसी कैडिट के साथ कदमताल करेंगे।

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की 3/56 यूपी एनसीसी इकाई के तृतीय वर्ष के कैडिट आकृष्ट शुक्ला का चयन रिपब्लिक-डे परेड के लिए हुआ है। वह गणतन्त्र दिवस परेड में भारत के राष्ट्रपति को सलामी देंगे। कैडिट आकृष्ट शुक्ला दिल्ली में होने वाली परेड में अपने साथी एनसीसी कैडिट के साथ परेड में हिस्सा लेंगे। इस समय वह रिहर्सल में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने सितम्बर में कानपुर के आर्मी कैम्प में परेड की ट्रेनिंग ली, जिसके बाद उन्हें आरडी परेड का हिस्सा बनने का मौका मिला। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर प्रो. सुनील कुमार काबिया ने बताया कि रिपब्लिक-डे परेड के लिए आकृष्ट का चयन होना गौरव की बात है। इधर, आकृष्ट का कहना है कि एनसीसी में रहने के दौरान उनका राजपथ की परेड में शामिल होना सपना था, जो आज साकार हो गया। हेमन्त चन्द्रा ने बताया कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कैडिट प्रत्येक वर्ष रिपब्लिक-डे परेड में प्रतिनिधित्व करते हैं।





**सशस्त्र सेना झंडा दिवस ( 07/12/2022 )**

सशस्त्र सेना झंडा दिवस की पूर्व संध्या पर बुंदेलखंड विश्विद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर मुकेश कुमार पांडेय, कुलसचिव श्री विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी श्री वसी मोहम्मद, एनसीसी अधिकारी एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण मेजर सुनील कुमार काबिया , डॉ अर्चना वर्मा, डॉ सुनील त्रिवेदी, डॉ सौरभ, डॉ संजीव श्रीवास्तव, श्री हेमंत चंद्रा एवं विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकगणों , कर्मचारीगणों एवं छात्र छात्राओं द्वारा भूत पूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिक पत्नियों एवं उनके परिवारों के कल्याणार्थ दान में सहयोग किया गया । इस पूरी प्रक्रिया में बुंदेलखंड विश्विद्यालय के प्रिय एनसीसी कैडेट्स ने तन मन धन से सहयोग किया एवं इस पुनीत कार्य में सभी के सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।






NCC


BUNDELKHAND UNIVERSITY

**वीर बहादुर बनकर रहना,वीरों की दुनिया दीवानी,**

**इतिहासों में लिख जाती है,बलिदानों की अमर कहानी।**

**रानी लक्ष्मी बाई लड़ी तो,उम्र तेईस में स्वर्ग सिधारी,**

**तन मन धन सब कुछ दे डाला,अंतरमन से कभी ना हारी.** **( 19/11/2022 )**

आज झांसी की रानी वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती पर वीर भूमि झाँसी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। झाँसी दुर्ग से रानी की याद में सभी संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा भव्य रैली निकाली गयी। जिसमें बुंदेलखंड विश्विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने बड़-चढ़ कर हिस्सा लिया और झाँसी की रानी अमर रहे, रानी का गौरव अमर रहे के नारे भी लगाये। शाम को झाँसी वासियों द्वारा झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई पार्क में दीपांजली का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने भी दीप जलाकर रानी को याद किया । इस मौके पर झाँसी के सभी शिक्षक गण, अधिकारी गण, कर्मचारी गण, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुनील काबिया सर, श्री हेमंत चंद्रा सर, एवं समस्त एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे ।










**साइकिल प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित  ( 25/09/2022 )**

साइकिल प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित
बीते दिनों बुंदेलखंड विश्विद्यालय आई टी एच एम के विभाग अध्यक्ष प्रो सुनील कुमार काबिया सर के निर्देशन में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उस साइकिल प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को आज माननीय कुलपति प्रो मुकेश पांडेय जी और कुलसचिव विनय कुमार सिंह जी द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रथम पुरुस्कार रवि गौतम (3300 ₹) , द्वितीय पुरुस्कार विवेक मोहन भास्कर (2200₹) एवं तृतीय पुरुस्कार अजय आर्या (1100₹) को प्राप्त हुआ एवं सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह भी भेंट किये गए। इसके अलावा सभी कैडेट्स को सर्टिफिकेट वितरित किये गये। इस मौके पर बुंदेलखंड विश्विद्यालय के प्रो देवेश निगम , डॉ.संजय निमोरिया , हेमंत चंद्रा एवं शोभित साहू नितिन प्रजापति गौरव समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे।






बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय
झाँसी

**लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती ( 31/10/2022 )**

आज भारत रत्न एवं राष्ट्र एकीकरण के नायक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के शुभ अवसर पर बुंदेलखंड विश्विद्यालय द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विश्विद्यालय के कुलपति प्रो मुकेश पांडेय जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।






**बुंदेलखंड विश्विद्यालय के माननीय कुलपति जी द्वारा डी जी एन सी सी प्रमाण पत्र देकर कोरोना योद्धाओं को किया गया सम्मानित💐 दिनाक (**

आज बुन्देलखंड विश्विद्यालय में एनसीसी के कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया। इस मौक़े पर दैनिक जागरण के सुरेंद्र सिंह जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बुंदेलखंड विश्विद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय जी ने कहा कि हमारे बुन्देलखंड विश्विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स बहुत मेहनती और अनुशासित हैं । कोरोना काल में भी इन्होनें पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नगरवासियों की मदद की। हमें अपने एनसीसी कैडेट्स पर गर्व है। दैनिक जागरण के श्री सुरेंद्र सिंह जी ने कहा कि आप सभी एनसीसी कैडेट्स के सहयोग से ही हम इतनी विशाल तिरंगा रैली का सफल आयोजन कर पाये। दैनिक जागरण के वरिष्ठ संपादक श्री सुरेंद्र सिंह जी ने कहा कि कोरोना जैसे कठिन समय में भी आप लोगों ने अपनी जान की परवाह किये बगैर सेवा की इस दौरान एनसीसी ऑफिसर मेजर सुनील कुमार काबिया सर के साथ नगरवासियों की मदद की। इसके लिए आप सभी **बधाई** के पात्र हैं।बुन्देलखंड विश्विद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर सुनील कुमार काबिया सर ने सभी कैडेट्स को **बधाई** देते हुए कहा कि आप सभी एनसीसी कैडेट्स को निस्वार्थ भाव से एनसीसी की सभी गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। और आप लोगों को एसे कार्यों में हिस्सा लेने से अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिलता है। जिससे निश्चित ही आप सभी भविष्य में देश के एक अच्छे नागरिक बनेगे। इसके बाद सभी कोरोना योद्धाओं को डी जी एन सी सी द्वारा दिये गए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मेजर सुनील कुमार काबिया सर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौक़े पर बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के डॉ. संजय निमोरिया,डॉ. विनीत कुमार, डॉ. ममता सिंह , डॉ. सुनील त्रिवेदी, डॉ. रश्मि सिंह ,डॉ. मुहम्मद नईम, श्री हेमंत चंद्रा, श्री निशांत पुरवार, सीनियर अंडर ऑफिसर हितिका यादव, सीनियर अंडर ऑफिसर अंजुल सिंह यादव, सीनियर अंडर ऑफिसर अनिकेत खटीक, अंडर ऑफिसर, कामद दीक्षित, हिमांशु नेगी, संदीप सविता, आकाश मृत्युंजय, रमाकांत,शिव कुमार आदि कैडेटस मौजुद रहे।




BUNDELKHAND UNIVERSITY


BUNDELKHAND


BUNDELKHAND UNIVERSITY

# दिनाक (09/09/2022)

बुन्देलखंड विश्विद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर महान् स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी श्री रमानाथ खैरा जी की जयंती स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा जी को आमंत्रित किया । विशिष्ट अतिथि के रूप में बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फ्रीडम फाइटर श्री रमानाथ खैरा मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष डा. विजय खैरा जी ने की। बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेटस द्वारा मेजर सुनील कुमार काबिया सर के नेतृत्व में पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा जी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा जी ने कहा कि दिनेश खैरा जी एक महान् व्यक्ति थे, जिन्होंने देश सेवा के लिये अपने प्राणों की आहुति दे दी। बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय जी ने पुष्प चढ़ा कर खैरा जी को श्रद्धांजलि दी । इस मौक़े पर बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मुन्ना तिवारी, श्री हेमंत चंद्रा, सीनियर अंडर ऑफिसर अनिकेत खटीक, अंडर ऑफिसर उत्कर्ष अग्निहोत्री, अंडर ऑफिसर शोभित साहू, गौरव, नितिन, पर्वत आदि कैडेटस मौजुद रहे।





**झांसी मंडल आयुक्त श्री संजय गोयल आईएएस को उन्हें एनसीसी कैडेट द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया (08/ 09 / 2022 )**

आज बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में इंटर फैकेल्टी यूथ फेस्टिवल गेम का समापन हुआ जिसका आयोजन प्रोफेसर सुनील कुमार कबिया डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवम फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट द्वारा किया गया था। आज के कार्यक्रम में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे जी ने मुख्य अतिथि के रूप में झांसी मंडल आयुक्त श्री संजय गोयल आईएएस को आमंत्रित किया गया और उन्हें एनसीसी कैडेट द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया । मंडलायुक्त द्वारा इंटर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट प्रोग्राम के विभिन्न खेलों के विजेताओं और प्रीतिभागियो को प्रमाण पत्र देकर उनको खेलो के संवर्धन के लिए प्रोत्साहित किया इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





**नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में स्टाफ सदस्य, संकाय सदस्य एवं छात्र सहित 300 से अधिक सदस्य ने भाग लिया। (26/06/2022)**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी और गौरी फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ नवल खुराना मूत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ अजहर सिद्दीकी दंत चिकित्सक डॉ देवेंद्र श्रीवास्तव एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ और डॉ धीरज अग्रवाल चिकित्सक। शिविर के उद्घाटन समारोह में माननीय डॉक्टर, प्रोफेसर सुनील काबीया जी डीन छात्र कल्याण, श्री विनय कुमार सिंह रजिस्ट्रार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, श्री राज बहादुर सिंह परीक्षा नियंत्रक बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, श्री तनुज द्विवेदी कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे। राहुल द्विवेदी, अध्यक्ष गौरी फाउंडेशन श्री हेमंत चंद्र जी एनसीसी से मौजूद थे। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में स्टाफ सदस्य, संकाय सदस्य एवं छात्र सहित 300 से अधिक सदस्य ने भाग लिया। प्रोफेसर काबिया जी ने गौरी फाउंडेशन और गौरी फाउंडेशन के स्वयंसेवकों, मोहित शिखर, विवेक, आयुषी, अर्पित, राहुल, श्वेता, साक्षी अंशुमन को धन्यवाद दिया।
.गौरी फाउंडेशन ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को छात्रों के लाभ के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।







बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय परिवार
आपका हार्दिक स्वागत करता है।
Third Eye Vision

**Yoga is a light, which once lit will never dim. The better your practice, the brighter your flame.**
**Today 3/56 UP NCC BN Jhansi has celebrated the International Yoga Day 2022**







**माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय जी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया ( 21/04/2022 )**

आज बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में "विद्यार्थियों के समग्र विकास– वर्तमान शिक्षा परिवेश एवं शिक्षाविदों की भूमिका" विषय पर संवाद के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय जी को आमंत्रित किया गया । श्री अनिल श्रीवास्तव ,कार्यवाहक कानपुर प्रांत विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.मुकेश पाण्डेय द्वारा की गई। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रोफेसर सुनील कुमार काबिया सर के निर्देशन में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री जी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। योगेंद्र उपाध्याय जी ने सभी कैडेट्स से वार्तालाप की। एवं तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय जी द्वारा नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सभी अध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहे





।



## बुंदेलखंड विश्विद्यालय एन सी सी द्वारा पहुज नदी पर चलाया (20 /04/2022 )

बुंदेलखंड विश्विद्यालय एन सी सी द्वारा पहुज नदी पर चलाया गया पुनीत सागर अभियान
आज बुंदेलखंड विश्व विद्यालय एनसीसी एवं 56 यू पी बटालियन द्वारा पुनीत सागर अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता 56 यू पी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हर्ष प्रींजा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा जी उपस्थित रहे। कर्नल हर्ष प्रींजा ने कार्यक्रम की शुरुआत हरी झंडी दिखाकर की। तत्पश्चात सभी एनसीसी कैडेट्स ने पहुज नदी के किनारे सफाई की और कचड़े के ढेर को उठाकर कूड़े वाली गाड़ी में डाला। उसके बाद सभी को जलपान कराया गया । तत्पश्चात लोगों को जागरूक करने के लिए कर्नल हर्ष प्रींजा, बुंदेलखंड विश्विद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर सुनील कुमार काबिया, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा जी, SUO हितिका यादव,SUO अंजुल यादव , अंडर ऑफिसर कामद दीक्षित, सार्जेंट शिखा राय, प्रांजल, आदि कैडेट्स ने भाषण एवं काव्यपाठ के द्वारा स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त किए एवं लोगों को जागरूक करने का कार्य किया । कार्यक्रम का संचालन विजय यादव ने किया।इस मौके पर मेजर अदिति सिंह, सूबेदार मेजर जयप्रकाश ,सूबेदार भागीरथ साब, सूबेदार लालबहादुर ग्रूम साब, नायब सूबेदार देवेंदर,नायब सूबेदार रचपाल चंद, लेफ्टीनेंट विशाल यादव ,हवलदार संदीप, हवलदार गुरप्रीत, हवलदार प्रगट सिंह, हवलदार कुलबीर, हवलदार वर्याम सिंह, हवलदार वीरदविंदर, हवलदार जसविंदर, श्री हेमंत चंद्र,अंडर ऑफिसर अनिकेत खटीक, अंडर ऑफिसर हिमांशु सोनी,सार्जेंट शिवकुमार, सार्जेंट उत्कर्ष, मोहित गौरव आदि कैडेट्स उपस्थित रहे






56 UP BN NCC JHANSI
KANPUR GP/ UP DTE



**चलो दुर्ग चले-नया इतिहास रचे (18/04/2022)**

विश्व धरोहर दिवस पर 18 अप्रैल को कीर्तिमान रचने को दुर्ग में 3/56 UP NCC BN JHANSI बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के एनसीसी कैडेट हुए एकत्र!

- वीरांगना की विरासत अभियान को लगे पंख
- 100 से अधिक संगठनों ने लिया ़कदम से ़कदम मिलाने का संकल्प

झाँसी : अपने पराक्रम से विश्वभर में झाँसी का परचम फहराने वाली वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का ऋण उतारने के लिए आज झाँसी ने एक स्वर में आवा़ज बुलन्द की। 'जागरण' के आह्वान पर 120 से अधिक सामाजिक, व्यापारिक, शैक्षणिक और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि एकजुट हुए और रानी का मान बढ़ाने का संकल्प लिया। निर्णय लिया कि विश्व धरोहर दिवस यानी, 18 अप्रैल को झाँसी की जनता ऐतिहासिक दुर्ग में एक साथ जुटकर एक नये विश्व रिकॉर्ड की साक्षी बने। संगठनों ने स्वयं जिम्मेदारियाँ लीं और उन्हें पूरा करने का वादा किया। राजकीय संग्रहालय में आयोजित इस रणनीतिक बैठक का शुभारम्भ दैनिक जागरण के निदेशक यशोवर्धन गुप्त ने किया।






NCC
NCC
NCC

आज विश्व विरासत दिवस के अवसर पर बुंदेलखंड विश्विद्यालय एनसीसी द्वारा कैडेटस् को झाँसी स्मार्ट सिटी बस के द्वारा वीर भूमि झाँसी के विभिन्न पुरातन धरोहरों का भ्रमण कराया गया। कैडेटस् को ओरछाधीश प्रभु श्री राम राजा सरकार के दर्शन कराएं एवं शीश महल, जराई का मठ,बरूआ सागर किला,महादेव मंदिर, कल्पवृक्ष, गंगाधर राव स्मारक आदि के बारे मे बताया गया। एवं कैडेटस् ने अपनी धरोहर को सहेज कर रखने और स्वच्छता पर बल देने पर जोर दिया गया। एनसीसी अधिकारी प्रोफेसर सुनील कुमार काव्य जी ने कैडेटस् को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपनी ऐतिहासिक विरासतों के लिए पूरी दुनिया में एक अलग ही पहचान रखता है। इनके महत्व को जानने के लिए हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। भारत में यह दिन देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। यह दिन मानव विरासत, विविधता, वैश्विक स्थलों और विरासत स्थलों को संरक्षित करने के लिए भी समर्पित है।इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को देश की विविध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को समझाने, उनका महत्व बताने और उनके संरक्षण (रखरखाव) को लेकर ।






बाबू जगजीवन राम विधि
BABU JAGJIVAN RAM INSTITUTE OF